Aids Awareness Programme

526. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether the AIDS Awareness programme launched by Government has not been popular among the people;

(b) the total amount spent by Government on the AIDS Awareness Programme during the last three years, year-wise;

(c) the reasons for its non-popularity amongst large section of people; and

(d) what immediate steps Government propose to take in this regard?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI A.R. ANTULAY): (a) The strategy to creat awareness among masses especially high risk behaviour group about HIV/AIDS under the National Aids Control Programme has gone well.

The expenditure reported under the National AIDS Control Programme including creation of awareness about HIV/AIDS, which is being implemented as a centrally sponsored scheme through the States/UTs, during the last 3 years is as under:—

1992-93	— Rs. 29.71 crores
1993-94	— Rs. 32.90 crores
1994-95	— Rs. 43.61 crores.

(c) and (d) With additional inputs in the form of media support and NGOs participation the programme is expected to gain further momentum.

मध्य प्रदेश में बायों गैस संयंत्र

527. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश में विशेषकर जनजातीय क्षेत्रों में वर्षवार और जिलेवार कितने बायो गैस संयंत्र स्थापित किये गये हैं;

(ख) वर्ष 1995 के दौरान ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में इन संयंत्रों को स्थापित करने हेतु क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है; और

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान और 1995-96 में सरकार ने ऐसे संयंत्र स्थापित करने के लिए जिलेवार कितनी धनराशि आवंटित की है?

गैर पारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो० पी० जी० कुरियन): (क) बायोगैस विकास पर राष्ट्रीय परियोजना के अधीन पिछले तीन वर्षों अर्थात् 1992-93 से 1994-95 के दौरान जनजातीय क्षेत्रों सहित मध्य प्रदेश राज्य में स्थापित किए गए परिवार आकार के बायोगैस संयंत्रों की वर्षवार तथा जिलेवार संख्या का ब्यौरा विवरण में दिया गया है **(नीचे देखिए)**

(ख) वर्ष 1995-96 के लिए मध्य प्रदेश राज्य के ग्रामीण तथा जनजातीय क्षेत्रों में परिवार आकार के 16000 बायोगैस संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य नियत किया गया है। इसके अतिरिक्त खादी एवं ग्राम उद्योग आयोग तथा आल इंडिया वूमैन कांफ्रेंस ने उनको आवंटित कुल लक्ष्यों के भीतर मध्य प्रदेश राज्य में 3050 बायोगैस संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य नियत किया है।

(ग) भारत सरकार ने मध्य प्रदेश राज्य में बायोगैस विकास पर राष्ट्रीय परियोजना के अधीन बायोगैस संयंत्र स्थापित करने के लिए वर्ष 1992-93, 1993-94 तथा 1994-95 के लिए क्रमशः 1.70 करोड़ रुपये, 4.48 करोड़ रुपये तथा 6.00 करोड़ रुपये की धनराशि निर्मुक्त की है। वर्ष 1995-96 में राज्य के लिए आवंटित वास्तविक लक्ष्य अनुमानतः 4.48 करोड़ रुपये खर्च करने का है। भारत सरकार सीधे जिलों को कोई धनराशि आवंटित या निर्मुक्त नहीं करती है बल्कि केवल राज्य सरकारों या वार्षिक लक्ष्य उपलब्धि पर आधारित कार्यान्वयन एजेंसियों को आवंटित/निर्मुक्त करती है।

विवरण

पिछले तीन वर्षों अर्थात् 1992-93 से 1994-95 के दौरान स्थापित किए गए परिवार आकार के बायोगैस संयंत्रों की जिलेवार संख्या

जिला	के दौरान स्थापित बायोगैस संयंत्रों की संख्या		
	1992-93	1993-94	1994-95
भोपाल	39	162	201
विदिशा	31	56	62
राजगढ़	200	210	240
होशंगाबाद	450	246	606